>

Title: Regarding construction of pending flyover by NH-I in Kushinagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री विजय कुमार दुबे **(कुशीनगर):** सभापति महोदय, सदन के प्रथम सत्र में तारांकित प्रश्न के माध्यम से मैंने एक मुद्दा उठाया था कि एनएच-28 पर दो खतरनाक मोड़ हैं । एक कुशीनगर है और दूसरा गोपालगढ़ है । कुशीनगर के राइट साइड में बौद्ध सर्किट एरिया है । लेफ्ट साइड में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की फोर लेन जा रही है । हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री और हमारे यशस्वी मुख्य मंत्री और भारत सरकार के उड्डयन मंत्री के आशिर्वाद और प्रयासों से वह इंटरनेशनल एयरपोर्ट आज चंद दिनों में विमानों की उड़ान के कगार पर है । कल्पना की जा सकती है कि उड़ान के बाद यह खतरनाक कुशीनगर मोड़, जिसके दोनों तरफ विद्यालय भी हैं । अक्सर विद्यालय में शिक्षारत बच्चे दुर्घटनाग्रस्त होते हैं । सदन के तारांकित प्रश्न के माध्यम से, मैं अभिनंदन करता हूँ अपने माननीय राजमार्ग मंत्री माननीय गडकरी जी का, जिन्होंने दोनों प्रोजेक्ट स्वीकृत तो किए । आज डेढ़ वर्ष हो रहे हैं, डीपीआर बन कर, एनएचआई हेडक्वार्टर पर, आज लंबित है, इसी तरह से कप्तानगंज नगर में फ्लाइओवर-730 एनएचएआई पर फोर लेन में पास था । फोर लेन की जगह न होने से हम लोगों ने लिख कर दिया कि टू लेन में ही फ्लाइओवर का निर्माण पूर्ण किया जाए । तीनों के तीनों फ्लाइओवर की फाइल आज एनएचएआई हेडक्वार्टर में लंबित है । मैं माननीय सभापित जी, आपसे आग्रह करता हूँ कि आपकी निगाह में यह मुद्दा जो अतिसंवेदनशील है, एनएचएआई के ऐसे लंबित करने वाले कर्मचारियों पर आपकी निगाह पड़े और इन दोनों-तीनों फ्लाइओवरों का निर्माण पूर्ण हो सके ।